भारत सरकार

संस्कृति मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 89**

उत्तर देने की तारीख 03.02.2025

**पुस्तकालयों का विकास**

89. **श्री कीर्ति आज़ाद :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने विगत दस वर्षों के दौरान अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले पुस्तकालयों की संख्या में वृद्धि करने के लिए कोई उपाए किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) संस्कृति मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले सभी पुस्तकालयों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या मौजूदा पुस्तकालयों के विकास के लिए कोई निधि आवंटित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क): भारत के संविधान के 246वें अनुच्छेद के तहत, सातवीं अनुसूची के अनुसार, पुस्तकालय राज्य का विषय है और सार्वजनिक पुस्तकालय संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र प्राधिकरणों के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन कार्य करते हैं।

संस्कृति मंत्रालय, अपने नियंत्रणाधीन स्वायत्त निकाय राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान (आरआरआरएलएफ) के माध्यम से सार्वजनिक पुस्तकालयों को विभिन्न प्रयोजनों जैसे कि पुस्तकालय भवनों का निर्माण/नवीकरण, फर्नीचर और उपस्कर सहित अवसंरचना के स्तरोन्नयन, आधुनिकीकरण, पुस्तकों और पाठ्य सामग्रियों के प्रापण, संगोष्ठी/प्रशिक्षण के आयोजन और पुस्तकालय व्यवसायिकों के क्षमता निर्माण/कार्यशाला/आउटरीच कार्यक्रम, बाल कॉर्नरों की स्थापना, विभिन्न खंडों को खोलने, दिव्यांगजन के लिए सुविधाओं के सृजन, ब्रेल कॉर्नर आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

विगत 10 वर्षों में आरआरआरएलएफ द्वारा सहायता प्रदत्त पुस्तकालयों की संख्या:

| क्र. सं. | वर्ष | सहायता प्रदत्त पुस्तकालयों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | 2014-15 | 19707 |
| 2 | 2015-16 | 23306 |
| 3 | 2016-17 | 22744 |
| 4 | 2017-18 | 19084 |
| 5 | 2018-19 | 12070 |
| 6 | 2019-20 | 6735 |
| 7 | 2020-21 | 24831 |
| 8 | 2021-22 | 24106 |
| 9 | 2022-23 | 4675 |
| 10 | 2023-24 | 7010 |

इस मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) स्कीम प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र द्वारा चयनित 35 राज्य केंद्रीय पुस्तकालय और 35 जिला पुस्तकालयों और संस्कृति मंत्रालय द्वारा पहचान किए गए 6 पुस्तकालयों को (i) अवसंरचना के स्तरोन्नयन, (ii) प्रौद्योगिकी के आधुनिकीकरण और सेवाओं के आधुनिकीकरण, (iii) दिव्यांगजन उपयोगकर्ताओं के लिए सुविधाओं के सृजन (iV) एनएमएल के तहत चयनित पुस्तकालयों के लिए ई-पत्रिकाओं/ ई-पुस्तकों की सदस्यता, (V) जिला पुस्तकालयों के लिए नेटवर्क कनेक्टिविटी, (Vi) पाठ्य संसाधनों की खरीद और समर्थन एवं आउटरीच कार्यक्रमों आदि के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस स्कीम के तहत, राज्य सरकारों को अन्य राज्यों के साथ 25% : 75% के अनुपात में और पूर्वोत्तर राज्यों के लिए 10% : 90% के अनुपात में केन्द्रीय निधि के रूप में राष्ट्रीय पुस्तकालय मिशन (एनएमएल) के साथ व्यय को साझा करना अपेक्षित होता है।

(ख): संस्कृति मंत्रालय के अधीन निम्नलिखित 7 पुस्तकालय/संगठन कार्यरत हैं:-

i. राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता

ii. केन्द्रीय संदर्भ पुस्तकालय, कोलकाता

iii. केन्द्रीय सचिवालय ग्रंथागार, नई दिल्ली

iv. दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, दिल्ली

v. रामपुर रजा पुस्तकालय, रामपुर, उत्तर प्रदेश

vi. खुदा बख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना, बिहार

vii. राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कोलकाता

(ग): उपरोक्त (ख) के संदर्भ में, मंत्रालय द्वारा इन संगठनों को उनकी प्रशासनिक और विकास संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुदान दिया जाता है। विगत 5 वर्षों के दौरान इन संगठनों को आवंटित धनराशि का विवरण **अनुलग्नक-क** पर देखा जा सकता है।

अनुलग्नक-क

**'पुस्तकालयों का विकास' के संबंध में दिनांक 03 फरवरी, 2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 89 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

**2019 से 2024 तक पुस्तकालयों का व्यय विवरण**

(लाख रुपये में)

| क्र. सं. | संगठन का नाम | वित्तीय वर्ष | बीई |
|---|---|---|---|
| 1. | राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता | 2019-20 | 5277.33 |
| 2. | | 2020-21 | 4724.68 |
| 3. | | 2021-22 | 4628.86 |
| 4. | | 2022-23 | 6189.50 |
| 5. | | 2023-24 | 6449.50 |

**(लाख रुपये में)**

| **क्र. सं.** | **संगठन का नाम** | **वित्तीय वर्ष** | **बीई** |
|---|---|---|---|
| 1. | केन्द्रीय संदर्भ पुस्तकालय, कोलकाता | 2019-20 | 513.00 |
| 2. | | 2020-21 | 545.00 |
| 3. | | 2021-22 | 558.00 |
| 4. | | 2022-23 | 561.00 |
| 5. | | 2023-24 | 618.00 |

**(लाख रुपये में)**

| **क्र. सं.** | **संगठन का नाम** | **वित्तीय वर्ष** | **बीई** |
|---|---|---|---|
| 1. | केन्द्रीय सचिवालय ग्रंथागार, नई दिल्ली | 2019-20 | 210.00 |
| 2. | | 2020-21 | 186.00 |
| 3. | | 2021-22 | 166.00 |
| 4. | | 2022-23 | 213.00 |
| 5. | | 2023-24 | 295.00 |

**(लाख रुपये में)**

| **क्र. सं.** | **संगठन का नाम** | **वित्तीय वर्ष** | **बीई** |
|---|---|---|---|
| 1. | राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कोलकाता | 2019-20 | 5129.06 |
| 2. | | 2020-21 | 5338.40 |
| 3. | | 2021-22 | 2707.00 |
| 4. | | 2022-23 | 2752.00 |
| 5. | | 2023-24 | 3367.00 |

**(लाख रुपये में)**

| **क्र. सं.** | **संगठन का नाम** | **वित्तीय वर्ष** | **बीई** |
|---|---|---|---|
| 1. | दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, दिल्ली | 2019-20 | 2957.84 |
| 2. | | 2020-21 | 3167.69 |
| 3. | | 2021-22 | 3627.00 |
| 4. | | 2022-23 | 3367.00 |
| 5. | | 2023-24 | 3558.00 |

**(लाख रुपये में)**

| **क्र. सं.** | **संगठन का नाम** | **वित्तीय वर्ष** | **बीई** |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना, बिहार | 2019-20 | 583.25 |
| 2. | | 2020-21 | 586.89 |
| 3. | | 2021-22 | 632.50 |
| 4. | | 2022-23 | 580.50 |
| 5. | | 2023-24 | 622.00 |

**(लाख रुपये में.)**

| **क्र. सं.** | **संगठन का नाम** | **वित्तीय वर्ष** | **बीई** |
|---|---|---|---|
| 1. | रामपुर रज़ा पुस्तकालय, रामपुर, उत्तर प्रदेश | 2019-20 | 650.97 |
| 2. | | 2020-21 | 646.05 |
| 3. | | 2021-22 | 702.00 |
| 4. | | 2022-23 | 672.00 |
| 5. | | 2023-24 | 662.00 |

*****